दैनिक भास्कर पटना 19-11-2022

पर्यावरण मंत्री तेजप्रताप यादव ने वेबसाइट का किया लोकार्पण

सिटी रिपोर्टर | पटना

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तेज प्रताप यादव ने बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद की वेबसाइट का लोकार्पण एवं तीन पुस्तकों विमोचन किया। उक्त अवसर पर विभाग के प्रधान सचिव अरविन्द कुमार चौधरी के साथ अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जैव विविधता पर्षद के अध्यक्ष डी. के. शुक्ला द्वारा स्वागत भाषण से किया गया। साथ ही मंत्री और प्रधान सचिव और अन्य गणमान्य अतिथियों को पौधा देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद का वेबसाइट, वृक्षों को मित्र बनाएं-मार्गदर्शिका, प्राकृतिक वातावरण में पक्षी अवलोकन-मार्गदर्शिका, जैव विविधता प्रबंधन समिति के गठन एवं उसके उपरान्त बैठक की कार्यवाही का ऑनलाइन अपलोड करने के लिए दिशा निर्देश की तीन पुस्तकें (पंचायत स्तर, पंचायत समिति एवं जिला परिषद), जैव विविधता प्रबंधन समिति के गठन कार्यवाही को ऑनलाइन अपलोड करने के लिए सॉफ्टवेयर का भी लोकार्पण किया गया।

21 को जैव विविधता प्रबंधन समितियों का गठन

मंत्री तेज प्रताप ने कहा कि पूरे राज्य में 21 नवंबर को जैव विविधता प्रबंधन समितियों का गठन किया जा रहा है। इस दिन सभी 8,058 पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित होगी। इस सभा में छः सदस्य होंगे जिसमें एक अध्यक्ष का चुनाव होगा। इस प्रकार पूरे राज्य में 51,000 से अधिक सदस्य जैव विविधता तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करेंगे।